सूची

क्र.सं.	मद	पृष्ट सं.
1.	मिनट दर मिनट बैठक की कार्यवाही।	2
2.	परिचय एवं उद्देश्य।	3–4
3.	वर्तमान एजेंडा ।	5
4.	प्रेम समूह के सदस्यों एवं विभागाध्यक्षों से प्राप्त सुझाव।	6–15
5.	पिछले प्रेम बैठक (27.11.2018) के कार्यवृत्त पर मदवार टिप्पणी।	16–32

मिनट दर मिनट प्रेम बैठक की कार्यवाही

क्र.सं.	मद	अधिकारी	बजे से	बजे तक
1.	प्रेम ग्रुप के सदस्यों का स्वागत।	उप महाप्रबंधक (सा.)	11.00	11.05
2.	अध्यक्ष/प्रेम ग्रुप द्वारा अध्यक्षीय संबोधन।	महाप्रबंधक	11.05	11.15
3.	प्रेम ग्रुप सदस्य के वक्तागण :–			
	ईसीआरकेयू	अध्यक्ष	11.15	11.35
		महासचिव		
		अपर महासचिव		
		सहायक महासचिव		
	एससी/एसटी एशो0	जोनल अध्यक्ष	11.35	11.45
		जोनल सचिव		
	ओ0बी0सी0 एशो0	जोनल अध्यक्ष	11.45	11.55
		जोनल सचिव		
	ईसीआरपीओए	अध्यक्ष	11.55	12.05
		महासचिव		
	ईसीआरओए	अध्यक्ष	12.05	12.15
		महासचिव		
4.	वर्तमान एजेंडा पर विभागाध्यक्षों द्वारा चर्चा :	सभी विभागाध्यक्ष	12.15	12.45
5.	वर्तमान एजेंडा पर खुली चर्चा।	अध्यक्ष के अनुमति से	12.45	13.28
6.	धन्यवाद ज्ञापन।		13.28	13.30

परिचय

- प्रेम(PREM)–प्रबंधन में रेल कर्मचारियों की भागीदारी
- इसे रेल मंत्रालय स्तर पर वर्ष–1972 में एवं क्षेत्रीय रेल स्तर पर वर्ष–1977 में स्थापित किया गया था।
- भारतीय रेल में यह त्रिस्तरीय आधार पर कार्य करता है।
  1. रेलवे बोर्ड स्तर(श्रम प्रबंधन का कॉरपोरेट इंटरप्राइजेज समूह)
  2. क्षेत्रीय रेल स्तर
  3. मंडल रेल स्तर

रेलवे बोर्ड स्तर

- अध्यक्ष– अध्यक्ष रेलवे बोर्ड
- संयोजक– सचिवरेलवे बोर्ड
- प्रशासन की ओर से–सदस्य रेलवे बोर्ड,सलाहकार एवं कार्यकारी निदेशक
- कर्मचारी कीओर से–एआईआरएफ एवं एनएफआईआर के चार–चार प्रतिनिधि
- रेलवे अधिकारी संघ के –दो प्रतिनिधि
- रेलवे प्रोमोटी अधिकारी संघ के–दो प्रतिनिधि

क्षेत्रीय रेल स्तर

- अध्यक्ष– महाप्रबंधक
- सचिव – उप महाप्रबंधक/सामान्य
- प्रशासन की ओर से – अपर महाप्रबंधक एवं सभी प्रधान विभागाध्यक्ष
- कर्मचारी की ओर से –ईसीआरकेयू(प्रभावित यूनियन) के चार प्रतिनिधि
- रेलवे अधिकारी संध के –दो प्रतिनिधि
- रेलवे प्रोमोटी अधिकारी संघ के –दो प्रतिनिधि
- एससी/एसटी संध के–दो प्रतिनिधि
- ओबीसी संध के–दो प्रतिनिधि
- आरपीएफ संध के–दो प्रतिनिधि

मंडल रेल स्तर

- अध्यक्ष– मंडल रेल प्रबंधक
- सचिव – वरि0 मंडल कार्मिक अधिकारी /मंडल कार्मिक अधिकारी
- प्रशासन की ओर से –अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं सभी शाख अधिकारी
- कर्मचारी की ओर से –ईसीआरकेयू(प्रभावित यूनियन) के चार प्रतिनिधि
- रेलवे अधिकारी संध के–दो प्रतिनिधि
- रेलवे प्रोमोटी अधिकारी संध के –दो प्रतिनिधि

वर्ष 2016 में क्षेत्रीय रेल स्तर पर आयोजित प्रेम बैठक

बैठक :तीन महीने में एक बार

- प्रथम बैठक : 29 अप्रैल 2016
- द्वितीय बैठक :02 सितंबर 2016
- तृतीय बैठक :15 दिसंबर 2016

वर्ष 2017 में क्षेत्रीय रेल स्तर पर आयोजित प्रेम बैठक

- प्रथम बैठक : 24 मार्च 2017
- द्वितीय बैठक : 24 अगस्त 2017
- तृतीय बैठक : 28 दिसंबर 2017

वर्ष 2018 में क्षेत्रीय रेल स्तर पर आयोजित प्रेम बैठक

- प्रथम बैठक : 15 मई 2018
- द्वितीय बैठक : 11 सितंबर 2018
- तृतीय बैठक : 27 नवम्बर 2018

वर्ष 2019 में क्षेत्रीय रेल स्तर पर आयोजित प्रेम बैठक

- प्रथम बैठक : 28 जनवरी 2019

उद्देश्य

- रेलवे संगठन की व्यवहारिक कार्यक्षमता को विकसित करने और रेलवे की सेवा प्रदाता संगठन की छवि बनाये रखने के मुख्य उद्देश्य से प्रबंधन मे श्रमिकों की बेहतर और सुव्यवस्थित भागीदारी सुनिश्चित करना।
- रेलवे संगठन के संचालन और गठन करने हेतु विचारों का प्रमाणित एवं निर्वाध रुप से आदान–प्रदान करना।
- निवेश कार्यक्रमों खासकर आवास और कल्याण गतिविधियों का मूल्यांकन।
- नोटः कर्मचारी मामलों पर विमर्श तब तक नहीं हो सकता जब तक कि संगठन को समग्र उत्पादकता के साथ नहीं जोड़ा जाय।

प्रबंधन मे श्रमिकों की भागीदारी

- 1917 में यूनाइटेड किंगडम में **बहीट्ले** समिति ने अनुशंसा की थी कि निम्न के विमर्श के लिए कर्मचारियों को भाग लेने का अवसर देना चाहिएः–
- संगठन, कर्मचारी और समुदाय के सामान्य लाभ के लिए उत्पादकता बढ़ाने हेतु।
- उत्पादकता की प्रक्रिया में कर्मचारी को संगठन में उनकी भूमिका को बेहतर रुप से समझने के लिए।
- औद्योगिक शांति, बेहतर संबंध और सहयोग प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों की स्वयं को अभिव्यक्त करने की इच्छा को संतुष्ट करने के लिए।
- रेलवे में ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों को लंबे समय से साझा बनाते हुए श्रमिकों की भागीदारी निम्न विभिन्न क्षेत्रों के लिए रही हैः–
- कर्मचारी कल्याण निधि समिति
- आवास समिति
- रनिंग रुम सलाहकार समिति
- कैंटीन प्रबंधन समिति
- हॉस्पीटल विजिटिंग समिति
- श्रमिक सलाहकार समिति
- रेलवे इंस्टीट्यूट और क्लब का कार्यकारी समिति
- वर्कशॉप उत्पादकता परिषद्
- इसके अतिरिक्त रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेल और मंडलों में प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी, प्रबंधन और श्रमिकों की सामूहिक उद्यम समूहका गठन कर लिया गया है जिसे अब **प्रबंधन में रेलवे कर्मचारियों की भागीदारी (प्रेम) कहा जाता है।**

चर्चा का विषय

1. निश्चित अवधि के अंदर पेंशन भुगतान।

2. कर्मचारियोंको भविष्य निधि/अवकाश/अग्रिम भुगतान में होने वाली कठिनाईयां।

3. जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन।

4. मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के समय पालनमें सुधार।

वर्तमान एजेंडा पर विभागाध्यक्ष एवं प्रेम ग्रुप के सदस्यों से प्राप्त सुझाव/विचार :

अध्यक्ष/ईसीआरकेयू	
एजेंडा–(1) निश्चित अवधि के अंदर पेंशन भुगतान।	
1.1	• प्रायः सेवानिवृत्ति होने वाले कर्मचारी को सेवानिवृत्ति के दिन पीपीओ पेपर सुपूर्दकर दिया जाए। • सेवानिवृत्तिके समय कर्मचारी का खाता नंबर जांच उपरांत सुनिश्चित किया जाए कि खाता सही है या गलत । • लेखा विभाग से संबंधित कर्मचारी यह सुनिश्चित करे कि बैंक को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्राप्त हुआ या नही एवं समय–समय पर पेंशन विभाग से वार्ता किया जाए।
एजेंडा–(2)कर्मचारियों को भविष्य निधि /अवकाश/अग्रिम भुगतान में होने वाली कठिनाईयां।	
2.1	रेलवे बोर्ड द्वारा जारी चार्टर प्लान का अनुपालन नही हो रहा है। चार्टर में दिये गए समय सीमा का पालन मात्र करने से ही कठिनाई स्वतः दूर हो जाएगी।
एजेंडा–(3) जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन।	
3.1	• रात में गाड़ियों की फुट प्लेटिंग पर जोर। • परिचालन से जुड़े रेलकर्मियों को वॉकी–टॉकी उपलब्ध कराया जाए। • सभी गाड़ियों में फॉग सिगनल डिवाइस (FSD) की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। • सभी सिगनल साइटिंग बोर्ड,सी/फा बोर्ड ,पटाखा सिगनल खंभा तथा व्यस्त समपार फाटको पर चमकीला पट्टी लगाया जाय। • सिगनल साइटिंग बोर्ड के निकट रेल पथ के आर–पार चूने का निशान लगाया जाए। • कोहरे में कार्य करने वाले फॉग मैन को सुपरवाईजरों द्वारा प्रशिक्षित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। • प्रयुक्त होने वाले पटाखों की तिथि की जॉच एवं उन पटाखों का प्रयोग कर उसकी गुणवत्ता की जांच की जाए।
एजेंडा–(4) मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के समय पालन में सुधार।	
4.1	• मेल/एक्सप्रेस गाडियों के परिचालन का अलग से 24 घंटे मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जाए। • गाडियों में इंजन के बदलाव के समय का मॉनिटरिंग किया जाय। • गाडियों में होने वाले ए.सी.पी. पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाय। • इकहरी लाईन में गाडियों के क्रॉसिंग में प्राथमिकता के आधार पर क्रॉसिंग दी जाए। मेल/एक्सप्रेस गाडियों की वाशिंग एवं रख–रखाव के कार्य प्राथमिकता के आधार पर की जाए।
महासचिव / ईसीआरकेयू	
एजेंडा–(1) निश्चित अवधि के अंदर पेंशन भुगतान।	
1.1	रेल प्रशासन को इस बात का प्रयास करना चाहिए कि सेवानिवृति के बाद दो माह के अंदर पेंशन भुगतान सुनिश्चित हो । इसके लिए राष्ट्रीयकृत बैंक के उच्च पदाधिकारियों के साथ समय –समय पर बैठक आयोजित करना चाहिए।
एजेंडा–(3) जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन।	
3.1	• रेल गाड़ियों के सुरक्षित परिचालन के लिए निम्न कार्य प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए । • कुहासे की स्थिति में फॉग सिगनल डिवाइस लगाना चाहिए।

	• सिगनल से पहले पटाखे का प्रयोग लोको पायलट, स्टेशन मास्टर एवं गार्ड के बीच बातचीत सुंनिश्चित होना चाहिए। • संरक्षा के मद्देनजर कुहासे में लोको पायलट द्वारा गाड़ियों के गति नियंत्रण हेतु ट्रेनों का ब्रेक पावर अच्छा होना चाहिए ताकि लोको पायलट अवश्यकता पड़ने पर निश्चित दूरी पर गाड़ी को रोक सके। इंजन का वाइपर ,बालू एवं लुकिंग ग्लास साफ होना चाहिए। • पेट्रॉलिंग कीव्यवस्था निश्चित होना चाहिए तथा उनको टॉर्च,फ्लोरेसेंट यूनिफॉर्म,डेटोनेटर आदि की आपूर्ति सुनिश्चित करना चाहिए। • स्टेशन मास्टर एवं पेट्रॉलमैन का समय–समय पर काउंसिलिंग होना चाहिए। • लोको पायलट द्वारा गेट के पास हॉर्न का उपयोग लगातार करना चाहिए। • सभी सिगनलिंग डिवाइस में LED लाइट का प्रयोग करना चाहिए।
एजेंडा–(4) मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के समय पालन में सुधार।	
4.1	कुहासे एवं जाड़े के मौसम में गाड़िया प्रायः लेट– लतीफ चलती है किंतु क्रू को समय पर बुला लिया जाता है। अतः क्रू को गाड़ियों के विलंबानुसार बुलाने की व्यवस्था होनी चाहिए।
अध्यक्ष/ईसीआर/एससी एण्ड एसटीएशो0	
एजेंडा–(1) निश्चित अवधि के अंदर पेंशन भुगतान।	
1.1	1.सेवानिवृत्तिकर्मचारी के जीवनका महत्वपूर्ण पड़ाव है।प्रत्येककर्मचारी के जीवन में अपने उद्देश्य एवं लक्ष्य होते है। यही उद्देश्य एवं लक्ष्य हमारे लघु ,मध्यम एवं दीर्घकालीन अवधि के कार्य कलापों को प्रभावित करते है। 2.सेवानिवृत्ति के बाद निश्चित अवधि के अंर्तगत पेंशन भुगतान महत्वपूर्ण हो जाता है। प्रशासन कोसेवानिवृति के उपरांतकम से कम अवधि में पेंशन भुगतान की व्यवस्था करनी चाहिए। 3.पेंशन भोगी को सेवानिवृत्तिमाह के अगले माह से पेंशन चालू हो जाना चाहिए। 4.पेंशन भोगी के खाते में प्रत्येक माह समय से पेंशन जमा हो जाना चाहिए।पेंशन राशि में त्रुटि न हो इसका ध्यान रखना चाहिए। 5.प्रशासन को पी.पी.ओ जमा करने ,पेंशनस्क्राल प्राप्त करने की दिशा में नामित नोडल शाखा से मिल कर कार्य करना चाहिए एवं पी.पी.ओ विभिन्न लिंक शाखाओं के बदले सीधे नामित नोडल शाखाको भेजा जाए। 6.विभिन्न लिंक शाखा केंद्रीय पेंशन प्रसंस्करण कक्ष को पी.पी.ओ समय से भेजना सुनिश्चित करें। ताकि पेंशन भोगी को समय से पेंशन भुगतान किया जा सके।
एजेंडा–(2)कर्मचारियों को भविष्य निधि/अवकाश/अग्रिम भुगतान में होने वाली कठिनाईयां।	
2.1	1.भविष्य निधि के फार्म को अग्रसारित करने में ,फार्म के जमा होने में एवं उनके पास होने तक , कर्मचारियों को बाबू से लेकर एकाउण्ट ऑफिस तक चक्कर लगााना पड़ता है। 2.पी.एफ. लोन के आवेदन को पास करने के लिए समय सीमा का निर्धारण होना चाहिए। यदि आवेदन में कोई त्रुटि हो तो उसकी जानकारी कर्मचारी को सीधे तौर पर लिखित या मेमौ के माध्यम से कार्यस्थल पर दिया जाना चाहिए। 3.अवकाश नकदीकरण और अग्रिम आदि के बारे में समुचित जानकारी नहीं होने से अधिकांश कर्मचारी इसका लाभ लेने से वंचित रह जाते है। 4.कर्मचारी कल्याण निधि से होने वाले लाभ एवं योजना का समुचित प्रचार किया जाना चाहिए।
एजेंडा–(3) जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन।	
3.1	1.जाड़ा प्रारंभ होने के पूर्व मुख्यालय स्तर से दिशा निर्देश पारित कर जोनल/मंडलस्तर पर नुक्कड़ नाटक/सेमिनार /जागरूकता अभियान चलाकर परिचालन से संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को जागरूक करने की अवश्यकता है। 2.जब तापमान कमहो जाये तो रेल लाइन की पेट्रॉलिंग शुरू कर देना चाहिए । रेल लाइन में खिचाव के कारण रेल लाइन टूटने की संभावना अधिक होती है। 3.मानव रहित एवंमानव सहित लेवल क्रॉसिंग गेट पर विशेष ध्यान खासकर जाड़े के मौसम में निरीक्षण करना

	चाहिए। 4.कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सामग्री मानक के अनुरूप होनी चाहिए। 5.पेट्रॉलिंग के लिए कम से कम दो कर्मचारियों को लगाया जाना चाहिए। 6.यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कर्मचारी शार्ट कट विधि न अपनाये।
एजेंडा–(4)मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के समय पालन में सुधार।	
4.1	1.किसी अप्रत्याशित घटना तुरंत निपटाने की व्यवस्था तैयार रहना चाहिए। 2.देर से चलने वाली ट्रेनों की फुट प्लेटिंग होनी चाहिए। 3.आवश्यकतानुसार ट्रेनों के उचित अनुरक्षण, रख–रखाव में लगने वाले समय में कमी लाकर तथा मंडलों से खुलने वाली ट्रेनों को समय से खोलने की व्यवस्था करने चाहिए। 4.लेवल क्रॉसिंग गेटों पर सावधानी बरतकर उससे होने वाले हादसों को टालकर। 5.ट्रेनों की साफ–सफाई,वाशिंग में लगने वाले समय को कम करके। 6.कर्मचारियों को उनके अच्छे कार्यों के लिए पुरस्कृत करके उनके मनोबल को बढ़ाकर। 7.मंडल रेल प्रबंधक के साथ परिचालन से संबंधित अधिकारियों का नियमित मीटिंग कर समस्यों के त्वरित गति से निस्तारण करके। 8.योजना बनाकर मालगाड़ियों को लूप लाइन व उपलब्ध मार्ग पर चलाकर ताकि मेल/एक्सप्रेस ट्रेन प्रभावित न हो।
अध्यक्ष /ईसीआर/ओबीसीई एशो0	
एजेंडा–(1) निश्चित अवधि के अंदर पेंशन भुगतान।	
1.1	सेवानिवृत्त कर्मचारी की कागजी कार्यवाही सेवा मुक्त होने से पूर्व तैयार कर लिया जाय तथा सेवानिवृत्ति तिथि के बाद एक सप्ताह के भीतर संबंधित बैंक के मुख्यालय को भेज देना चाहिए।
एजेंडा–(2)कर्मचारियों को भविष्य निधि/अवकाश/अग्रिम भुगतान में होने वाली कठिनाईयां।	
2.1	1.भविष्य निधि ,अवकाश भत्ता एवं अग्रिम भुगतान को ऑनलाईन किया जाये ताकि अलग–अलग विभाग को आवेदन आने –जाने में लगने वाले समय से बचा जा सके। 2.इस कार्य के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था होनी चाहिए जो विभिन्न विभागों से मिलने वाले आवेदन पर आवश्यक कार्यवाई तत्परता कर सके।
एजेंडा–(3) जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन।	
3.1	1. ट्रेक की लगातार पेट्रॉलिंग ,सिगनलों की लाईट की समुचित व्यवस्था , इंजीनियरिंग बोर्ड, कॉशन बोर्ड, स्पीड बोर्ड, टर्मिनेटिंग बोर्ड इत्यादि पर विशेष रूप से चमकने वाला बोर्ड लगाना चाहिए। 2. इंजन की लाईट,वाईपर का सही होना तथा सैंड बॉक्स में बालू भरा होना चाहिए। 3. कुहासे में निश्चित दूरी पर पटाखा लगाना चाहिए। फॉग सेफ डिवाइस का सही होना चाहिए।
एजेंडा–(4)मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के समय पालन में सुधार।	
4.1	1. किसी भी मेल /एक्सप्रेस गाड़ीके आगे पैसेंजर तथा मालगाड़ी नहीं चलाया जाये। 2. जंक्शन /स्टेशनों पर अधिक समय तक आउट साइड गाड़ी खड़ी न किया जाये। 3. मेल /एक्सप्रेस गाडियों में लोडिंग/अनलोडिंग निर्धारित ठहराव समय में ही कर लिया जाये।
महासचिव/ईसीआर/ओबीसीई एशो0	
एजेंडा–(1) निश्चित अवधि के अंदर पेंशन भुगतान।	
1.1	सभी कर्मचारियों/अधिकारियों की सेवा पुस्तिका को ऑन लाईन करने की आवश्यकता है। इससे सभी कर्मचारी/अधिकारी अपनी सेवा पुस्तिका को आसानी से देख कर समझ सकते हैं। इस पुस्तिका में सभी प्रकार की गतिविधियों का समावेश रहता है। पेंशन भुगतान की निश्चित अवधि के अंदर करने के परिप्रेक्ष्य में कार्मिक विभाग एवं वित्त विभाग

	का महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। यहां दोनों विभाग में सामंजस्य स्थापित होना अति आवश्यक है। रेल कर्मचारी/परिवार को मिलने वाला लाभ का रिपोर्ट बनाने एवं समय पर जमा करने में विभाग के हित निरीक्षक का योगदान सबसे अधिक है। कर्मचारी का सेवानिवृत्त हो, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति हो या अन्य प्रकार के कैजुअल्टी केश सभी का रिपोर्ट बनाकर हित निरीक्षक को ही सक्षम अधिकारी के पास जमा करना होता है। तत्पश्चात् लेखा विभाग के द्वारा विधिक्षा पर कर्मचारी/ कर्मचारी के परिवार को मिलता है। हित निरीक्षक सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को छोड़कर स्वेच्छिक सेवा निवृत्ति या कैजुअल्टी की केश फाईल सही समय पर सही रिपोर्ट लगाकर सक्षम अधिकारी के पास जमा नहीं कर पाते, कुछ न कुछ कमी रहता है, जिस कारण समयावधि के अन्दर भुगतान सही रूप में नहीं हो पाता एवं सक्षम अधिकारी समय कम रहने के वजह से समय के अन्दर समस्या का निष्पादन कर ही नहीं पाते कैजुअल्टी के केश में समस्याएं ज्यादा ही रहती हे। इस परिपेक्षय में हित निरीक्षक अपनी सेवा भावना के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारी, स्वेच्छा सेवानिवृत्त केश को सही वक्त पर सक्षम अधिकारी के पास भेजना चाहिए एवं कैजुअल्टी के केश में कर्मचारी के परिवार के सदस्यों का रिपोर्ट, कर्मचारी के सेवाकाल का रिपोर्ट सहीं वक्त पर बनाकर कर्मचारी हित में सक्षम अधिकारी के पास प्रस्तुत करे जिससे सक्षम अधिकारी केश फाईल का निष्पादन सवमयावधिके अन्दर कर लाभ दिला सके।
एजेंडा–(2)कर्मचारियों को भविष्य निधि/अवकाश/अग्रिम भुगतान में होने वाली कठिनाईयां।	
2.1	• कर्मचारियों केभविष्य निधि के लिए कार्मिक विभाग द्वारा वरीयता के अनुसार रजिस्टर बनाकर लेखा विभाग को भेजी जाती है। उस सिरियल के अनुसार भविष्य निधि की रकम पास नही हो पाता है, समय का काफी अंतर हो जाता है। कर्मचारियों के भविष्य निधि की निकासी के लिए कार्मिक विभाग द्वारा बनाकर भेजे गये सिरियल के अनुसार लेखा विभाग को पास कर देना चाहिए। • भविष्य निधि का रकम निकालते वक्त प्रत्येक बार कर्मचारियों को नॉमनि फार्म भरना पड़ता है। इस संबंध में प्रत्येक कर्मचारी पहले ही भविष्य निधि के लिए अपना नॉमनि का नाम दर्ज कर देते है,इसके बावजूद पुनः नॉमनि भरना पड़ता है। इसे सेवा पुस्तिका की भांति कम्प्यूटराईज करने की आवश्यकता है,जिससे भविष्य निधि लेने में परेशानी से बचा जा सकता हैएवं कागज की बचत हो सकती है। • भविष्य निधि निकालने के लिए कम्प्यूटराईज फार्म का नोटिफिकेशन हुआ था,अपरिहार्य कारणों से पूर्ण रूपेण लागू नहीं हो सका ,इसे सभी मंडल में लागू करने की आवशयकता है,जिससे समय की बच्त एवं निश्चित समयावधि के अंदर भुगतान हो सके। • कर्मचारियों के अवकाश के लिए जो स्लीप/लीव सीट सभी विभागों से कार्मिक विभाग में आता है,जिसे संभाल कर रखलेते है किंतु सेवा पुस्तिका में समय से दर्ज नही हो पाता है। इसका प्रभाव कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के समय छुट्टी के वैलेंस में काफी कठिनाई होती है साथ ही लेखा विभाग भी समय पर निस्तारण नहीं करते। • कर्मचारियों के वेतन पर्ची में केवल छुट्टी का वैलेंस ही दिखता है ,छुट्टी के रूप में एल.ए. पी. /एच.एल.ए.पी. की ब्यौरा सही –सही अंकित नही हो पाता है, इस कमी को तत्काल वेतन पर्ची में सुधार करने की आवश्यकता है। • कर्मचारियों को प्रशिक्षण में जाने ,त्योहार पर ,प्रशासन द्वारा कर्मचारी को अन्य स्थान पर कार्य करने के प्रयोजनार्थ अग्रिम भुगतान की आवश्यकता पड़ती है। इसलिए परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों के हित में अग्रिम भुगतान देने की व्यवस्था की जानी चाहिए।
एजेंडा–(3) जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन।	

3.1	1. जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन के लिए सभी रनिंग कर्मचारियों को जाड़े के मौसम आने से पहले जिनका रिफ्रेशर, टेक्नीकल, पी.एम.ई. Due होनेवाला हो उन्हें जाड़े से पहले करा लिये जाये। 2. लोको पायलट को सिगनल लोकेशन पुस्तिका अप–टू–डेट मिलना। 3. लोको पायलट को एफ.एस.डी. (फॉग सेफ डिवाईस) मिलना आवश्यक हो। 4. गार्ड का टेल लैम्प निश्चित आकारका एल.ई.डी तथा एल.वी. बोर्ड रेट्रो रिफ्लेक्टर टाईप का होना। 5. गार्ड व लोको पायलट को टॉर्च एल.ई.डी. उपलब्ध होना। 6. लम्बी दूरी के क्रू लिंक को शॉर्ट क्रू लिंक बनाया जाना। 7. लोकोमोटिव में हेड लाईट फ्लेशर लाईट, मार्कर लाईट, वाईपर सैण्डर, वी.सी.डी. कार्यरत होना चाहिए। 8. डिस्टैंस सिगनल के सामने ट्रैक पर चूने के सफेद पट्टी से रंगा होना तथा सिगनल का पोस्ट काला व पीला पट्टी रेट्रो रिफ्लेक्टर टाईप लगना चाहिए जो रोशनी पड़ने पर चमकदार दिखे। 9. W/L, RW/L , बोर्ड सभी इंजीनियरिंग बोर्ड, कॉशन बोर्ड, स्पीड बोर्ड, टर्मिनेटिंग बोर्ड, वार्निंग बोर्ड, गुड्स/पैसेंजर वार्निंग बोर्ड, सिग्मा बोर्ड सभी रेट्रो रिफ्लेक्टर टाईप से लिखा या स्टीकर चिपका होना एवं सिगनल पर 'एरो →' का मार्किंग होना चाहिए। 10. गेट के बेरियर पर काला–पीला चमकदार पट्टी लगा होना चाहिए जिससे इंजन/वाहन का लाईट पड़ते ही दिखाई देने लगे। 11. सिंगल लाईन में डिस्टैंस सिगनल से 270/280 मीटर पर पटाखा लगाना। 12. विजबिलिटी टेस्ट ऑब्जेक्ट (वी.टी.ओ.) पोस्ट को समय–समय पर दुरूस्त करना। 13. कुहासे के समय रात में यार्ड में शंटिंग कम से कम करायी जाय यदि यार्ड मेन लाईन से अटैच हो तो जब तक आवश्यक न हो शंटिंग न करायी जाय। 14. सुरक्षित परिचालन के लिए ट्रेनिंग स्कूल, टी.आई., एस.आई.,सी.एल.आई. के द्वारा सभी लाईन में कार्यरत कर्मचारियों की गहन कांउसिलिंग करायी जाय।
एजेंडा–(4)मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के समय पालन में सुधार।	
4.1	1. मेल/एक्स. गाड़ियों के लिए ग्रेडिंग के अनुसार क्रू का बुकिंग की जानी चाहिए। 2. लोको पायलट को बेहतर प्रशिक्षण व प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र में अलग– अलग लोकोमोटिव का प्रशिक्षण कराया जाना तथा प्रत्येक प्रशिक्षण केन्द्र में सेमुलेटर प्रशिक्षण की व्यवस्था होना। 3. लोकोमोटिव व कोच का मेंटेनेंस समय–समय पर अच्छी तरह होना साथ ही पुराने या अधिक समय से रखे पार्ट को लोकोमोटिव एवं कोच में न लगाना एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था। 4. लोको पायलट को सेक्शन का सही लर्निंग होना तथा क्रू को सहीं लिंक पर कार्य करना (क्रू लिंक पर कार्य करना)। 5. सेक्शन में इंजीनियरिंग बोर्ड सही आकार एवं सहीं स्थान पर लगा होना। 6. सिगनल की दृश्यता साफ व स्पष्ट होनी चाहिए। 7. सेक्शन में कॉशन कम से कम हो। 8. गार्ड एवं लोको पायलट के बीच संचार के साधन सहीं होना। 9. गार्ड को समय पर गार्ड बॉक्स गाड़ी तक पहुॅचाना। 10. मेल/एक्स. गाड़ियों के आगे–आगे पैसेन्जर या अन्य कोई गाड़ी न चलाई जाये। इसमें अतिरिक्त ठहराव से परिचालन प्रभावित होता है। 11. गाड़ियों के समय से बहुत पहले लोको पायलट या गार्ड को कॉल कराया जाना तथा प्लेटफार्म पर अधिक समय तक wait करना जिससे Pre departure time बढ़ जाता है। 12. जंक्शन स्टेशन में गाड़ियों का लेट में आगमनतथा प्रस्थान करना जिससे गाड़ियांout side

	कम से कम खड़ी हो इसकी समय में सुधार करना। 13. मेल /एक्स. गाड़ियों में same लोड व पावर से चलाने पर समय की बचत होगी। 14. मेल/एक्स. गाड़ियों के लिए इंजन काटना एवं दूसरा इंजन को जोड़ने का कार्य टी.एक्स. आर. अनुभाग द्वारा कराया जाना। 15. मेल/एक्स. गाड़ियों में स्कॉर्टिंग (आर.पी.एफ) की दुरूस्त व्यवस्था होनी चाहिए जिससे चैन पुलिंग न हो।
प्रमुसिदूइं	
एजेंडा–(1) निश्चित अवधि के अंदर पेंशन भुगतान।	
1.1	पेंशन भुगतान को निश्चित अवधि में करने के लिए यह आवश्यक है कि कर्मचारी की सेवा–पुस्तिका,अवकाश लेखा,सर्विस कंटीन्यूटी तथा पी.एफ.बैलेंस अवकाश प्राप्ति के कम से कम 6 महीने पहले विभाग द्वारा अद्यतन कर लिया जाये तथा संबंधित बैंक से त्वरित कार्रवाई हेतु समन्वय स्थापित किया जाय।
एजेंडा–(2)कर्मचारियों को भविष्य निधि/अवकाश/अग्रिम भुगतान में होने वाली कठिनाईयां।	
2.1	कर्मचारियों को भविष्य निधि/अवकाश/अग्रिम भुगतान में होने वाली कठिनाईयों को दूर करने हेतु यह आवश्यक है कि उपरोक्त सभी के लिए आवेदन ऑनलाईन करने की सुविधा रेलवे कर्मचारी के वैबसाइट /मोबाईल आवेदन के माध्यम से प्रदान की जाए तथा इनके निष्पादन हेतु एक निश्चित अवधि सुनिश्चित की जाए।
एजेंडा–(3) जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन।	
3.1	जाड़े एवं कुहासे के मौसम में संरक्षित रेल परिचालन हेतु निम्नलिखित सुझाव हैः (1) इस संबंध में दिए गए दिशा–निर्देशों यथा फाग सिगनल लगााना ,लुमिनस स्ट्रीप लगााना इत्यादि सुनिश्चित किया जाय तथा नियमों का अक्षरशः अनुपालन किया जाए तथा इस संबंध में लोको पायलट एवं ट्रेन पासिंग स्टाफ की काउंसलिंग की जाए एवं सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया जाय। (2) इन समस्याओं से निपटने के लिए कैब सिगनलिंग लगाने के बारे में विचार किया जा सकता है।
एजेंडा–(4) मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के समय पालन में सुधार।	
4.1	• गाड़ी की रनिंग की मानिटरिंग के लिए आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जाए। गाड़ी के परिचालन में आने वाली बाधाओं का शीघ्र निपटान किया जाए। • व्यस्त खंडों में ऑटोमैटिक सिगनलिंग की व्यवस्था की जा सकती है। • गति प्रतिबंध कम किया जाए। • व्यस्त खंडों में बाईपास लाईन की व्यवस्था किया जाए।
प्रमुपरिप्र	
एजेंडा–(1) निश्चित अवधि के अंदर पेंशन भुगतान।	
1.1	• केंद्रीय सरकारी कर्मचारी अपने पेंशन भुगतान की स्थिति की जानकारी ऑनलाइन ले सकते हैं। यह सेवा पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग के पेंशनर्स पोर्टल पर उपलब्ध है। • पेंशन वितरण में विलंब रोकने के लिए केंद्र ने सभी केंद्रीय कर्मचारियेां को उनकी सेवानिवृत्ति के समय पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) के साथ ही उनके अन्य बकायों के भुगतान की व्यवस्था करने का निर्णय किया है। • वर्तमान में केंद्र सरकार के असैन्य पेंशन भोगियों को अधिकृत बैंकों के जरिए पेंशन के भुगतान की व्यवस्था है। सेवानिवृत्ति हो रहे सरकारी कर्मचारी या पेंशन द्वारा बैंक को एक शपथ पत्र जमा करने पर केंद्रीय पेंशन लेखा कार्यालय पेंशन जारी करता है। • कार्मिक मंत्रालय ने कहा है कि यहदेखने में आया है कि सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन के प्रथम भुगतान में दो कारणों से विलंब होता है। पहला कारण पेंशनभोगी द्वारा यह सूचना देने में विलंब कि पेंशन के कागजात बैंक के पास जमा करा दिए गए हैं। दूसरा कारण शपथ पत्र जमा करने के लिए पेंशनभोगी की ओर से बैंक को संपर्क करने में विलंब है। • मंत्रालय ने एक आदेश में कहा है पेंशनभोगी को पेंशन के प्रथम भुगतान को सक्रिय करने के लिए अब बैंक का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं रहेगी। इसलिए, यह पक्का होने के बाद की बैंक की प्रति केंद्रीय पेंशन

	लेखा कार्यालय द्वारा जारी कर दी गई है, पेंशन भोगी की पीपीओ की प्रति उसे सेवानिवृत्ति के समय सौंपी जा सकती है। • मंत्रालय ने कहा है कि यह उन सभी मामलों में व्यवहारिक है जहां सरकारी कर्मचारी ने समय सीमा के भीतर पेंशन के कागजात जमा करा दिए हैं।
एजेंडा–(3) जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन।	
3.1	इस संबंध में सभी वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक को इस कार्यालय का सं. ECR/OPTG. Safety/Fog Precaution/48/505, दिनांक 01.08.2017, 20.09.2017, 09.10.2017, एवं 01.11.2017 को पत्र लिखा गया है। पुनः इस संबंध में सभी वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक को इस कार्यालय के पत्र सं0 ECR/OPTG. Safety/Fog Precaution/48/505, दिनांक 03.10.2018 एवं दिनांक 11.10.2018 को पत्र लिखा गया है। जिसमें जाड़े में संरक्षित रेल परिचालन हेतु G&SR 3-61 के प्रावधानों को Fog weather से पहले पुरा कर लिया जाय, जिससे रेलवे गाड़ियों का संरक्षित परिचालन हो सके।
एजेंडा–(4) मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के समय पालन में सुधार।	
4.1	1. समय–समय पर ट्रेनों के इंजन व गार्ड के डिब्बे में बैठकर फुट प्लेटिंग करके तकनीकी खामियों का निरीक्षण कर उसे तत्काल दूर कर समय पालन में सुधार किया जा रहा है। 2. चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकने की घटनाओं पर आरपीएफ द्वारा अंकुश लगा कर समय पालन में सुधार किया जा रहा है। 3. पर्याप्त संख्या में मेंटीनेंस ब्लॉक देने से, इंजीनियरिंग विभाग, टीआरडी व सिगनल एवं दूरसंचार विभाग को ट्रेनों के परिचालन में इस्तेमाल होने वाले कल पुर्जो के रखरखाव के लिए पर्याप्त समय मिल सके। इससे रेल परिचालन एवं समय पालन सुधार किया जा रहा है। 4. नई रेल लाइन शुरू करने, मेन लाइन की सवारी गाड़ियों के कन्वेंशनल रैक के बदले में मेमू रैक में चलाने, पैनेल इंटर लाकिंग सिस्टम शुरू करने से समय पालन में सुधार किया जा रहा है। इस तरह से मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के समय पालन मे सुधार किया जा रहा है।
प्रविस	
एजेंडा–(1) निश्चित अवधि के अंदर पेंशन भुगतान।	
1.1	लेखा विभाग में पेंशन भुगतान के मामले को निम्न दो भागों में विभागों वर्गीकृत किया है। :– (1) सामान्य सेवानिवृति के मामले ,अर्थात अधिवार्षिता उपरांत एवं (2) असामान्य सेवानिवृति के मामले यथा मृत्योपरांत, स्वैच्छिक सेवानिवृति आदि। सामान्य सेवानिवृति के मामलों में पेंशन सहित समस्त लाभों का भुगतान संबंधित कर्मचारियों की सेवानिवृति तिथि को ही निष्पादित कर दी जाती है। जबकि असामान्य सेवानिवृति के मामलों में यह अवधि कार्मिक विभाग द्वारा संबंधित कर्मचारियों के बिलों को लेखा विभाग में IPAS पोर्टल पर हस्तांतरित किए जाने एवं संबंधित संचिकाओं को उपलब्ध कराने की तिथि से अधिकतम 10 दिनों तक रखी गई है।
एजेंडा–(2)कर्मचारियों को भविष्य निधि/अवकाश/अग्रिम भुगतान में होने वाली कठिनाईयां।	
2.1	इस संदर्भ में लेख है कि कर्मचारियों को अवकाश/अग्रिम भुगतान पारित करने में कोई कठिनाई नहीं होती है, साथ ही लेखा वभाग के भ.नि. अनुभाग में कर्मचारियों का भ.नि. अग्रिम आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त अपवादिक मामले को छोड़कर एक से दो कार्य दिवस में अग्रिम पारित कर भुगतान हेतु खाता अनुभाग को सीओ 07 भेज दिया जाता है।
प्रमुसुआ	
एजेंडा–(1) निश्चित अवधि के अंदर पेंशन भुगतान।	
1.1	निश्चित अवधि के अंदर पेंशन भुगतान के लिए सेवानिवृत्ति होने वाले कर्मचारियों का सर्विस बुक समय से पूर्व संबंधित लेखा विभाग से विधीक्षण कराकर एवं अन्य कागजात मंगाकर उनका पूरा विवरण तैयार कर भुगतान हेतु लेखा विभाग को भेजा जाय, जिससे निश्चित अवधि के अंदर पेंशन का भुगतान हो सके ।
एजेंडा–(2)कर्मचारियों को भविष्य निधि/अवकाश/अग्रिम भुगतान में होने वाली कठिनाईयां।	

2.1	कर्मचारी द्वारा दिये गये आवेदन पर नियमानुसार समय से अग्रसारित कर भुगतान की प्रक्रिया हेतु लेखा विभाग को अग्रसारित किया जाता है, जिसके द्वारा कर्मचारी के खाते में RTGS/NEFTके माध्यम से भुगतान होता है । इस प्रकार की कोई कठिनाई प्रकाश में नहीं आई है ।
एजेंडा–(3) जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन।	
3.1	जाड़े के दिनों में अक्सर कुहासों के कारण रेलगाड़िया विलंबित होती है, इससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है । साथ ही रेल परिचालन में कार्यरत् कर्मचारी निर्धारित समय–सीमा से अधिक कार्य में लगे रहने से काफी थक जाते हैं । इससे बड़ी लापरवाही होने की संभावना बढ़ जाती है, जो रेलवे के सुरक्षित परिचालन में सबसे बड़ी बाधा साबित हो रहा है । इसलिए आवश्यक है कि विभाग द्वारा नई तकनीकों का प्रयोग रेल परिचालन में लाया जाय, ताकि जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन चलता रहे ।
एजेंडा–(4) मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के समय पालन में सुधार।	
4.1	रेलगाड़ियों की बढ़ती संख्या के साथ रेल पटरियों का अतिरिक्त विस्तार भी नितांत आवश्यक है । मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों हेतु मालवाहक गाड़ियों से अलग रेल लाईन की व्यवस्था किये जाने से इस समस्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है । समय पालन में सुधार के लिए गाड़ियों की मॉनिटरिंग कर कौन गाड़ी किस सेक्शन में कितनी देर करती है; उसका उचित कारण जानकर समाधान कराना जरूरी है । चेन पुलिंग या आपराधिक घटनाओं के कारण हो रही देरी में चिन्हित गाड़ियों में मार्गरक्षण कराया जाता है ।
प्रमुयांई	
एजेंडा–(3) जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन।	
3.1	जाडे. के मौसम मे कोचिंग ट्रेनों का सुरक्षित परिचालन हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाता है। एसी एवं नॉन एसी कोचों की समुचित रख–रखाव जैसे क्षतिग्रस्त खिड़कियों एवं दरवाजों की मरमम्त, वाटर सिस्टम का सही रख–रखाव इत्यादि पर विशेष ध्यान दिया जाता है । जाड़े के मौसम से पहले हीं लोको के सुरक्षित परिचालन हेतु निर्देश जारी कर सभी मंडलों एवं शेडों को पत्र द्वारा सूचित कर दिया जाता है। शेडों एवं मंडलों को पत्र सं. ईसीआर/ मेक/डीजल/724 दि. 05.10.18 के द्वारा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।
एजेंडा–(4) मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के समय पालन में सुधार।	
4.1	रख–रखाव की गुणवत्ता को बढाने हेतु सुपरवाईजरएवं कर्मियों का प्रशिक्षण एवं कांउसिलिंग किया जाता है । स्पेशल ड्राईव/सरप्राईज चेकके द्वारा रख–रखाव की मेल/एक्सप्रेस गाडियों के समय पालन में सुधार के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा जारी निर्देशोंका समुचित गुणवत्ता में सुधार किया जाता है । आवश्यक सामानों कीआपुर्ति सुनिश्चित की जाती है।
प्रमुसाप्र	
एजेंडा–(1) निश्चित अवधि के अंदर पेंशन भुगतान।	
1.1	'सेवानिवृत्ति' किसी रेल कर्मचारी के कार्य काल का अंतिम पड़ाव होता है। इस तिथि के बाद उनके जीवन का लक्ष्य तथा उद्देश्य बदल जाता है, अतः उन लक्ष्यों तथा उद्देश्यों की प्राप्ति में पेंशन एक प्रमुख अंशदान होता है अतः इसका समय अवधि में भुगतान किया जाना पुरी रेल परिवार का जबावदेही होनी चाहिए। यह उनके प्रति सम्मान होगा। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संबंधित विभाग को ध्यान देना आवश्यक है। 1. कर्मचारी के कार्यकारी विभाग के संबंधितों को चाहिए कि कर्मचारी से संबंधित सभी संगत दस्तावेज कार्मिक विभाग को समयावधि में उपलब्ध कराए। 2. कार्मिक विभाग को सुनिश्चित करना चाहिए कि निश्चित समयावधि में कर्मचारी से संबंधित सभी संगत दस्तावेज को पूर्ण कर लेखा विभाग को भेजा जाए। 3. लेखा विभाग को सुनिश्चित करना चाहिए कि निशिचित समयावधि में बिल पास कर भुगतान को सुनिश्चित करें।
एजेंडा–(2)कर्मचारियों को भविष्य निधि/अवकाश/अग्रिम भुगतान में होने वाली कठिनाईयां।	
2.1	कर्मचारियों के भविष्य निधि/अवकाश/अग्रिम भुगतान का मामला कर्मचारियों के हितों से जुड़ा मामला

	है।इसका समय अवधि मेंकार्यवयन न किया जाना एक मूल समस्या है। अतः इस लक्ष्य को समयावधि में प्राप्त करने के लिए संबंधित विभाग को ध्यान देना आवश्यक है। 1. कर्मचारी के कार्यकारी विभाग को चाहिए कि कर्मचारी से संबंधित सभी संगत दस्तावेज (leave record etc)कार्मिक विभाग को समयावधि में उपलब्ध कराये। 2. कार्मिक विभाग को सुनिश्चित करना चाहिए कि निश्चित समयावधि में कर्मचारी से संबंधित सभी संगत दस्तावेज को पूर्ण कर लेखा विभाग को भेजा जाए। 3. लेखा विभाग को सुनिश्चित करना चाहिए कि कर्मचारियों के भविष्य निधि खाता को सही तरीकों से रखरखाव करें तथा निश्चित समयावधि में बिल पास कर भुगतान को सुनिश्चित करें।
एजेंडा–(3) जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन।	
3.1	रेलवे परिचालन को सुरक्षित–सुगम तथा सुनिश्चित करना ही रेल विभाग का उद्देश्य है लेकिन जाडे के मौसम में इन लक्ष्यों को प्राप्त करना चुनौती पूर्ण रहता है। यद्यपि इससे निपटने के लिए कई योजनाओं तथा कार्य प्रणाली उन्नत की गयी है फिर भी लक्ष्यों को प्राप्त करने में बाधा उत्पन्न होती है। चुनौती को आसान करने में निम्नलिखित बातों का ध्यान देना आवश्यक हैः– 1. संबंधित विभाग को सभी संगत सामाग्रियों यथा–फॉग सिग्नल आदि की व्यवस्था समय अवधि के पूर्व ही किया जाना चाहिए। ऐसा देखा गया है कि संबंधित विभाग द्वारा समयावधि में फॉग सिगनल आदि का मांग पत्र भंडार विभाग को उपलब्ध नहीं कराया जाता है अतः इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए क्योंकि खरीदारी में निश्चित समय लगता है। 2. ऐसे तो सभी रेल कर्मचारियों/अधिकारियों का कर्तव्य एवं उदेश्य होता है कि रेल परिचालन सुरक्षित एवं सुगम रहे। लेकिन परिचालन– सिगनल–इंजिनियरिंग विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों को ऐसे समय में अधिक सतर्क रहना चाहिए।
एजेंडा–(4) मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के समय पालन में सुधार।	
4.1	रेल परिचालन में समय पालन का अधिक महत्व है। पूरी रेल व्यवस्था ही समय पर आधारित है। इस क्रम में मेल /एक्सप्रेस/यात्री गाडियों का समय पर परिचालन एक प्रमुख्य कार्य है। पूरा रेल नेटवर्क हमारे देशवासियों को परिवहन संबंधी सेवा प्रदान कर रहा है। इसलिए इसे भारत की जीवन रेखा भी कहा गया है। हमारा देश विविध संस्कृति–मौसम–भगौलिक स्थिति का धनी है अतः पूरे देश में रेल नेटवर्क को समय पर चलाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहता है। गाडियों के परिचालन में समय सुधार के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं। ● आरंभ होने वाले स्टेशन में संबंधित गाडियों के रेक को समय पर फिट दिया जाए। ● तीव्र गति की गाडियां चलाई जाएं और उसके लिए रॉलिंग स्टॉक एवं रेल के ट्रैक को उपयुक्त बनाया जाए। ● सिगनलिंग सिस्टम को आधुनिक बनाया जाय।
प्रमुवाप्र	
एजेंडा–(4) मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के समय पालन में सुधार।	
4.1	समय पालनसुनिश्चित करने में वाणिज्य विभाग निम्न विन्दुओं पर सचेष्ट रहता है। ● पार्सल की उतराई/चढ़ाई को निर्धारित ठहराव के अंदर पूरा करना। ● आरक्षण चार्ट का ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान के समय से चार धंटे के भीतर स्वतः चार्टिंग हो जाना । ● सभी टिकट चेकिंग कर्मी (टीटीई) को ए.सी.पी. पर कड़ी निगाह रखना और आर.पी.एफ. से समन्वय बनाए रखना।
मुसंधि	
एजेंडा–(3) जाड़े के मौसम में सुरक्षित परिचालन।	
3.1	**(क) जाड़े के मौसम में –** (i) सभी गुड्स वार्निंग बोर्ड, सी/फा बोर्ड, लिफ्टिंग बैरियर आदि को ल्यूमिनस पीला/काला पेंट से पेंटिंग कराया जाना तथा जहां आवश्यक हो, ल्यूमिनस स्ट्रीप का प्रावधान किया जाना चाहिए ।

(ii) पर्याप्त मात्रा में डेटोनेटर की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना चाहिए।
(iii) स्टेशन मास्टर फॉग सिगनल मैन को समुचित काउंसलिंग कर फॉग सिगनल रजिस्टर में हस्ताक्षर प्राप्त करा लेना चाहिए।

(ख)पटाखा लगाने की विधि–

(i) पहला स्टॉप सिगनल से 270 मीटर की दूरी पर पटाखा सिगनल लगाना चाहिए ।
(ii) मल्टीपुल आस्पेक्ट सिगनलिंग व्यवस्था जहां एक ही डिस्टेंट सिगनल लगा है वहां पर होम सिगनल के निकट डेटोनेटर लगाया जाना चाहिए।
(iii) 'बी' क्लास स्टेशन जहां लोअर क्वाडरेंट सिगनलिंग व्यवस्था है वहां आउटर सिगनल के पास डेटोनेटर लगाना चाहिए।

(ग)इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बरती जाने वाली सावधानियां

(i) पेट्रोलिंग मैन की व्यवस्था की जानी चाहिए जो रेल फ्रैक्चर को देखकर उचित कार्रवाई करें एवं संबंधित अधिकारी को सूचित करे ।

(घ)लोको पायलट द्वारा बरती जाने वाली सावधानियां

